# औद्योगिक विकास विभाग ई-ऑफिस पर शुरू करे काम : मुख्य सचिव

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग को भौतिक पत्रावली का संचालन बंद कर ई-ऑफिस व्यवस्था पर आने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने औद्योगिक विकास से संबंधित समस्त नीतियों व लंबित महत्वपूर्ण निर्णयों को एक माह के भीतर अंतिम रूप देने को कहा है। मुख्य सचिव सह अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त तिवारी ने शुक्रवार को लोकभवन में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि विभाग के विभिन्न अनुभागों के बीच बेहतर समन्वय व कार्यों को समय से पूरा करने के लिए इन्वेस्ट यूपी पोर्टल में एक ऑनलाइन मॉड्यूल विकसित किया जाए। इस व्यवस्था में समस्त अधिकारियों द्वारा लंबित व महत्वपूर्ण कार्यों की सूची अपलोड की जाएगी। इसमें निवेशकों व नीतियों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय से पूरा करने को प्रमुखता दी जाएगी। रोजाना की गई कार्यवाही को अपडेट करना होगा।



**मुख्य सचिव ने दिए लंबित नीतियों व निर्णयों को एक माह में अंतिम रूप देने के निर्देश**

## विभागीय कार्यों की हर सप्ताह होगी समीक्षा

मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास को कहा कि वे प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। इस बैठक की समय-समय पर वह भी अध्यक्षता करेंगे। इसमें नीतियों, निवेश प्रस्तावों व निवेशकों के प्रकरणों के समाधान के लिए निर्णयों के अनुपालन को शामिल किया जाएगा। उद्यमियों की समस्याओं का समाधान होने पर उन्हें तत्काल सूचित किया जाएगा।